प्रारम्भिक संबोधन

माननीय सदस्यगण,

सप्तदश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के शुभारंभ पर मैं आप सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ ।

वर्त्तमान सत्र के दौरान कुल-05 (पाँच) बैठकें निर्धारित हैं, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण के व्यवस्थापन के लिए एक दिन, राजकीय विधेयक के लिए दो दिन एवं गैर सरकारी संकल्प के लिए एक दिन निर्धारित है ।

यह सत्र छोटा होते हुए भी महत्वपूर्ण है । इसमें आप सबों की भागीदारी आवश्यक है, क्योंकि प्रदेश की समस्याओं का निवारण करने के लिए सदन में सार्थक विमर्श होना जरूरी है और यह विमर्श आप सबों के अधिक-से-अधिक संख्या में उपस्थित होने से ही सफल हो पायेगा ।

बिहार की जनता ने सत्तापक्ष एवं विपक्ष दोनों को सदन में रचनात्मक भूमिका निभाने का दायित्व दिया है ।

मुझे विश्वास है कि सत्र के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त होगा ।

❋❋❋❋❋